# ज़िंदगी संवार दी तुमने हमारी | By Pradeep Ashirwad |

**ज़िंदगी संवार दी तुमने हमारी**
**सांवरे बिहारी जय हो तुम्हारी**

तुमसे मिलने से पहले सांवरे
ना कोई मंज़िल थी
बड़ी मुश्किल में थी
ज़िंदगी हमारी
जैसे कोई नाव बिन मांझी
चली जाती थी
डगमगाती थी
ज़िंदगी हमारी

थाम पतवार बने तुम श्याम मांझी
सांवरे बिहारी जय हो तुम्हारी
ज़िंदगी संवार दी तुमने हमारी
सांवरे बिहारी जय हो तुम्हारी

ग़म के अंधेरों में श्याम मुझको
बहुत डराया था
बहुत सताया था
याद है मुझको
बेसुरे थे गीत ज़िंदगी के
अजब तराना था
फिर भी गाना था
याद है मुझको

मिल गया संगीत मुझे
मिली धुन प्यारी
सांवरे बिहारी जय हो तुम्हारी
ज़िंदगी संवार दी तुमने हमारी
सांवरे बिहारी जय हो तुम्हारी

देखा एक स्वप्न श्याम मैंने
गीत गाऊँ मैं
तुमको रिझाऊँ मैं
हो रहा आज पूरा
क्यों न करें नाज़ आज तुम पर
कौन तुझ सा है
दिल ये कहता है
कोई नहीं दूजा

सुन ले ना गीत मेरे
बांके बिहारी
सांवरे बिहारी जय हो तुम्हारी
ज़िंदगी संवार दी तुमने हमारी
सांवरे बिहारी जय हो तुम्हारी

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a4%bc%e0%a4%bf%e0%a4%82%e0%a4%a6%e0%a4%97%e0%a5%80-%e0%a4%b8%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%a6%e0%a5%80-%e0%a4%a4%e0%a5%81%e0%a4%ae%e0%a4%a8%e0%a5%87-%e0%a4%b9%e0%a4%ae/